एकता दिवस

दिनाँक 31/10/2016 शासकीय महाविद्यालय कोदूराम दलित नवागढ़ में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. दीपति शर्मा द्वारा समस्त प्राध्यापक गण एवं छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्होने सरदार जी के विचार विवरण तथा जीवनी से अवगत कराया तथा कहा कि हमें आज यहां से संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम अपने देश की एकता और अखंडता के लिए जरूरत पड़ने पर अपनी जान भी न्यौछावर कर देंगे यही सरदार पटेल के प्रति हमारी सच्ची श्रध्दांजलि होगी।

संविधान दिवस

दिनाँक 26.11.2016 को शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ मे संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं के बीच संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। प्राचार्य डॉ. श्रीमती प्रेमलता मिश्रा की अध्यक्षता में संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान से छात्रो अवगत कराया। प्राचार्य ने इस अवसर पर नागरिक के रूप में छात्र/छात्राओं के संवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्यों की चर्चा की।

युवा दिवस

शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ मे दिनाँक 12.01.2017 को स्वामी विवेकानंद की जन्मतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिवस पर महाविद्यालय के प्राध्यापिका डॉ. श्रीमती मंगली बंजारा के द्वारा आज के युवा पिढी को संबोधित करते हुए कहा गया कि वे अपने जीवन में स्वामी विवेकानंद को प्रेरणा मानते हुए उनके उच्च आदर्शो को अपनाये। तथा स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

सद्भावना दिवस

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी के वर्षगांठ के याद करते हुए दिनाँक 20/08/2017 शासकीय महाविद्यालय में सद्भावना दिवस के रूप में प्राचार्य श्री मती प्रेमलता मिश्रा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री मती प्रेमलता मिश्रा द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण, सद्भावना मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्र/छात्राओ शामिल हुए एवं उन्हें सबके प्रति मैत्री भाव रखने के लिए प्रेरित किया गया।

अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस

शासकीय कोदूराम दलित नवागढ़ में दिनाँक 21/06/2018 को अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अधिकारी/ कर्मचारीगण छात्र/छात्राओ द्वारा योग किया गया। तथा प्रचार्या द्वारा योग के महत्व को बताया गया।

PRINCIPAL
Govt. K. R. D. College
Nawagarh Distt. Bemetara (C.G.)